कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-21.12.2024

विषय:- बन्द मकान में चोरी करने के मामले में 01 नफर अभियुक्ता व 04 नफर अभियुक्त थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का माल व 12800/- रु. नकद बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/छिनैती की घटनाओं के अनावरण तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 268/2024 धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस व बढोतरी धारा 317(2)/317(5)/112(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए कुल 05 नफर अभियुक्त/अभियुक्तागण 1.रोहित गिरी पुत्र रमेश गिरी निवासी ग्राम लठिया बिसोखर थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट-वाराणसी 2.भोला पटेल पुत्र प्रभुनारायण पटेल निवासी ग्राम लठिया बिसोखर थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट-वाराणसी 3.अनिल पटेल पुत्र कैलाश पटेल निवासी ग्राम सदलपुर थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी 4.विशाल कुमार भारती उर्फ गोलू पुत्र राजाराम भारती पता लठिया बिसोखर थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी तथा एकनफर अभियुक्ता को विश्वकर्मा मन्दिर पहाडी के पास से व सदलपुर लठिया में स्थित काली चरण स्कूल के पास से दिनांक 21.12.24 समय करीब 11.25 बजे गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 01 अदद टीवी सैमसंग 32 इंच,01 अदद सेटआप बाक्स,01 अदद पेनड्राईव,01 अदद इन्वर्टर माइक्रोटेक,08 अदद स्पीकर,01 अदद एम्पलीफायर,01 अदद म्यूजिक मिक्सर,01 अदद पेचकस,01 अदद पिलास व कुल 12,800/- रु. नकद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 21.11.2024 को वादी मुकदमा द्वारा श्रीकंठपुरी कालोनी स्थित अपने बन्द मकान में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर जेवरात, घरेलू सामान व 50,000 रुपया नकद चोरी करने के सम्बन्ध में लिखित प्रा.पत्र दिया गया जिसके आधार पर थाना मण्डुवाडीह में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ.नि. विकास कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि हम सभी आस-पास के क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर घुमते है तथा बंद घरों को निशाना बनाते है तथा रात के समय एकांत पाकर उसी घर में पिलास,पेचकस व अन्य साधनों से घर का ताला तोड़कर घर में रखे सामान को चुरा लेते है और चोरी के सामान को बेचकर अपना खर्च व शौक पूरा करते है,यह बरामदशुदा सामान हमलोगो ने श्रीकंठ कालोनी, महात्मा जे0एफ0 पब्लिक स्कूल के पास स्थित एक बन्द मकान से लगभग 01 माह पूर्व चुराया था जिसमें से चोरी के आभूषण को रोहित ने अपने चाची को यह बताते हुये बेचने के लिये दिया था कि इसको हमसभी ने चोरी किया है आप इसे बेच दो जिसे उसकी चाची ने बेचकर हम सभी को बराबर-बराबर रुपया दिया था तथा उसी पैसे से अपने इस्तेमाल के लिये डी0जे0 का 08 स्पीकर,01 एम्पलीफायर,व 01 म्यूजिक मिस्कर खरीदा है, आज उस चोरी किये सामान में से टीवी,सेटआप बाक्स,पेन ड्राईव तथा इन्वर्टर को बेचने के फिराक में थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्तागण का विवरण-

1.रोहित गिरी पुत्र रमेश गिरी निवासी ग्राम लठिया बिसोखर थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 25 वर्ष।

2.भोला पटेल पुत्र प्रभुनारायण पटेल निवासी ग्राम लठिया बिसोखर थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 26 वर्ष।

3.अनिल पटेल पुत्र कैलाश पटेल निवासी ग्राम सदलपुर थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 22 वर्ष।

4.विशाल कुमार भारती उर्फ गोलू पुत्र राजाराम भारती पता लठिया बिसोखर थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 24 वर्ष।

5. अभियुक्ता उम्र
38 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

विश्वकर्मा मन्दिर पहाडी के पास से व सदलपुर लठिया में स्थित काली चरण स्कूल के पास से, दिनांक 21.12.24 समय करीब 11.25 बजे।

बरामदगी का विवरण-

चोरी का 01 अदद टीवी सैमसंग 32 इंच,01 अदद सेटआप बाक्स,01 अदद पेनड्राईव,01 अदद इन्वर्टर माइक्रोटेक, घटना में प्रयुक्त 01 अदद पेचकस,01 अदद पिलास तथा 08 अदद स्पीकर,01 अदद एम्पलीफायर,01 अदद म्यूजिक मिक्सर, व कुल 12,800/- रु. नकद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त/अभियुक्तागण-

1.मु0अ0स0 0268/2024 धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस व बढोतरी धारा 317(2)/317(5)/112(2) बीएनएस थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

आपराधिक इतिहास रोहित गिरी पुत्र रमेश गिरी निवासी ग्राम लठिया बिसोखर थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी-

1.मु0अ0स0 0268/2024 धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस व बढोतरी धारा 317(2)/317(5)/112(2) बीएनएस थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

2.मु0अ0स0 533/2018 धारा 323,504,506, 498A भादवि थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1.प्र0नि0 भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 विकास कुमार थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
3.उ0नि0 अभयनाथ तिवारी थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
4.म0उ0नि0 खुशबु कुमारी थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
5.हे0का0 शक्ति सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
6.का0 सूर्यभान सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
7.का0 अविनाश यादव थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
8.का0 अभ्युदय सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।